# समाहरणालय, दरभंगा।

## वन स्टॉप सेंटर के रिक्त पदों पर जिला स्तरीय संविदा आधारित नियोजन हेतु विज्ञापन

### (वन स्टॉप सेंटर) विज्ञापन संख्या–01

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के पत्रांक– WCDC/2088/23 दिनांक–26.09.2023 के आलोक में वन स्टॉप सेंटर, दरभंगा के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पदों पर सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:–

| क्र0 सं0 | पद का नाम एवं कार्य दायित्व | शैक्षणित अहर्त्ता | कार्य अनुभव तथा प्राथमिकता | पदों की संख्या तथा कोटि | आयु अधिकतम | मूल मानदेय (कर्मियों को नियमानुसार मूल मानदेय के अतिरिक्त **EPF** तथा **ESIC** देय होगी) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केस वर्कर (महिलाओं के लिए आरक्षित) | कानून / समाजकार्य / समाजशास्त्र / समाज विज्ञान / मनोविज्ञान में स्नातक | महिलाओं के मुद्दों से संबंधित किसी सरकारी या गैर सरकारी परियोजना / कार्यक्रम में कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव<br><br>**प्राथमिकता**–स्थानीय अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायगी। | 01 EBC | कोटिवार अनुमान्य आयु के अनुसार | 22,000 रूपया |
| 2. | कम्प्युटर ज्ञान युक्त कार्यालय सहायक | कम्प्युटर / आई0टी0 में डिप्लोमा सहित स्नातक | डाटा प्रबंधन, दस्तावेजीकरण तथा वेब आधारित रिपोर्टिंग, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग इत्यादि का राज्य या जिला स्तर पर सरकारी या गैर सरकारी / आई0टी0 संस्थान में कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव। | 01 UR | | 17,000 रूपया |
| 3. | पारा मेडिकल पर्सन (अंश कालिक, महिला हेतु आरक्षित) | पैरामेडिक्स में प्रोफेशनल डिग्री / डिप्लोमा | सरकारी या गैर सरकारी क्षेत्र में स्वास्थ्य से संबंधित परियोजना / कार्यक्रम में जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव | 01 UR | | 8,000 रूपया समेकित, EPF तथा ESIC देय नहीं |
| 4. | बहुउद्देशीय कर्मी / रसोईया | शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक | **अनुभव**–संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव | 02 (01 EBC, 01 UR) | | 13,000 रूपया |
| 5. | सुरक्षा प्रहरी / रात्री प्रहरी | शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक | सुरक्षा प्रहरी के रूप में सरकारी या प्रतिष्ठित संस्थान में राज्य या जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 02 वर्ष का अनुभव **प्राथमिकता** सेना या अर्द्ध सैनिक बल से अवकाश प्राप्त अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी। | 03 (02 UR, 01 EBC,) | | 13,000 रूपया |

1. उम्र सीमा न्यूनतम आयु विज्ञापन प्रकाशन के तिथि को 18 वर्ष एवं अधिकतम उम्र प्रकाशन के तिथि को 42 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।
2. कर्मियों को नियमानुसार मूल मानदेय के अतिरिक्त EPF तथा ESIC देय होगी, समेकित मानदेय वाले पदों पर EPF तथा ESIC देय नहीं होगी।
3. संविदा के आधार पर यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी, जो बिना किसी पूर्व सूचना के या एक माह के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है। इस संबंध में नियमित नियुक्ति का कोई दावा मान्य नहीं होगा। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति का निरोजन के पश्चात सेवा के नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा। नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जाएँगें न सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार होगें। उनका नियोजन जिला वन स्टॉप सेन्टर के अधीन होगा।
4. विभिन्न पदों पर नियोजन उम्मीदवारों की वांछित शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव एवं अंतर्वीक्षा के आधार पर अंतिम मेधा सूची प्रकाशित होगी।
5. कार्य अनुभव में सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यानुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी। सरकारी/अर्ध–सरकारी अथवा गैर सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यानुभव की स्थिति में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा।
6. चयन प्रक्रिया निर्धारित योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु सूचना संबंधित अभ्यर्थी को उनके आवेदन में उल्लेखित E-mail ID एवं जिला के NIC बेबसाईट पर दी जाएगी। जिला पदाधिकारी कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी तरह का पत्राचार नहीं किया जायेगा।
7. मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जायेंगें और न ही सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार माने जायेंगें। मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मियों द्वारा सेवा के नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
8. विज्ञापन एवं सेवा शर्तों से संबंधित सभी अधिकार जिला पदाध्किारी, दरभंगा के अधीन है। जिला पदाधिकारी, दरभंगा विज्ञापन को संशोधित/रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते हैं।
9. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित पद का उल्लेख करते हुए आवेदन दिनांक–01.07.2025 से दिनांक–15.07.2025 तक अपना आवेदन विहित प्रपत्र में शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण–पत्र/अंक पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति के साथ संलग्न करते हुए E-mail ID-dpmdarbhanga.wcdc@gmail.com पर समर्पित करेंगें। प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं होने की स्थिति में आवेदन को प्रथम दृष्टया निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त समय सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगें। एक से अधिक पदों के लिए अलग–अलग आवेदन मान्य होंगें। किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगें।
10. भरे हुए आवेदन का प्रिंट आउट अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगें।
11. अभ्यर्थी, विज्ञापन से संबंधित अपडेट अन्य घोषणाओं हेतु नियमित रूप से जिला के NIC के वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगें।

जिला पदाधिकारी,
दरभंगा।